सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNi हर खबर पर पक्की नज़र

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-252, पृष्ठ : 12 | रविवार, 23 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र


## सुशांत सिंह केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल



**मुंबई।** काफी हंगामे और चार साल से अधिक समय तक चली जांच के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल की, जिसमें कहा गया कि उसे एक्टर की मौत में किसी भी तरह की 'गड़बड़ी' का निष्कर्ष निकालने के लिए कोई सबूत नहीं मिला।

रिपोर्ट के अनुसार, सीबीआई ने अपने अधिकारियों के माध्यम से मुंबई के स्पेशल कोर्ट के समक्ष मौत के मामले में अपनी 'क्लोजर रिपोर्ट' पेश की। स्पेशल कोर्ट यह तय नहीं करेगी कि रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या आगे की जांच का आदेश दिया जाए। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती के वकील सीनियर एडवोकेट सतीश मानेशिंदे ने सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर, विशेष रूप से उनके मुवक्किल के खिलाफ 'अनावश्यक' झूठी कहानियों पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि सीबीआई ने लगभग साढ़े 4 साल बाद सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। हम सीबीआई के आभारी हैं कि उन्होंने मामले के हर पहलू की सभी कोणों से गहन जांच की और केस को बंद कर दिया। सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जिस तरह से झूठी बातें फैलाई गईं, वह पूरी तरह से अनुचित थीं। निर्दोष लोगों को मीडिया और जांच अधिकारियों के सामने परेशान किया गया और परेड कराई गई। मुझे उम्मीद है कि ऐसा किसी भी मामले में नहीं होगा।"

### अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति और उसकी बेटी की हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के व्यक्ति और उसकी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों एक जनरल स्टोर में मृत पाए गए। दोनों इस जनरल स्टोर पर काम करते थे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह अभी तक साफ नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रदीप कुमार पटेल और उनकी बेटी वर्जीनिया में लैंकफोर्ड हाइवे पर स्थित एकोमैक काउंटी में एक स्टोर पर काम करते थे। स्टोर में ही गोलीबारी की घटना हुई। पुलिस को सुबह 5.30 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां प्रदीप कुमार पटेल (56 वर्षीय) मृत पाए गए और उनकी 24 वर्षीय बेटी मौके पर घायल अवस्था में मिली। दोनों को गोलियां मारी गईं थीं।

### गुजरात की विसावदर सीट पर आप ने गोपाल इटालिया को दिया मौका



**जूनागढ़।** आम आदमी पार्टी ने गुजरात में आगामी विसावदर विधानसभा उपचुनाव के लिए गोपाल इटालिया को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। बता दें कि गोपाल इटालिया गुजरात में आम आदमी पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। गोपाल इटालिया पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, खासकर गुजरात में ये आम आदमी पार्टी के लिए एक प्रमुख चेहरा बनकर उभरे हैं। 2022 में गुजरात विधानसभा चुनाव के बाद से गोपाल इटालिया भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों पर मुखर रहे हैं। गोपाल इटालिया पार्टी के संयुक्त महासचिव हैं।




# 'मुझे मत मारो, बच्चों का ख्याल करो...'

## सहारनपुर में भाजपा नेता ने पत्नी और तीन बच्चों को मारी गोली, तीनों बच्चों की मौत, पत्नी की हालत गंभीर



**सहारनपुर।** जिले में रिश्तों के कत्ल का मामला सामने आया है। भाजपा नेता ने पहले पत्नी, फिर बेटी और बाद में दोनों बेटों को गोली मार दी। गोली लगने से तीनों बच्चों की मौत हो गई, पत्नी की हालत गंभीर है। आरोपी के हाथ में में पिस्टल देख कोई घायलों को उठाने का साहस नहीं कर सका।

सहारनपुर के सांगाठेड़ा में पत्नी और तीन बच्चों को गोली मारने के बाद आरोपी योगेश रोहिला ने एसएसपी को फोन किया। आरोपी ने फोन पर कहा कि मैंने पत्नी और बच्चों को गोली मार दी है, आकर उठा लो, नहीं तो मैं खुद को भी गोली मार दूंगा। इतना सुनते ही पुलिस अधिकारियों के भी हाथ-पैर फूल गए। सबसे पहले एसओ, उसके बाद सीओ और फिर एसएसपी भी मौके पर पहुंच गए।

पुलिस को डर था कि इतनी बड़ी वारदात करने के बाद जो आरोपी इस तरह फोन कर रहा है वह कुछ भी कर सकता है। पुलिस जब वहां पहुंची तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। योगेश की पत्नी नेहा और दोनों बेटे जमीन पर खून से लथपथ हालत में पड़े तड़प रहे थे, जबकि बेटी श्रद्धा की मौत हो चुकी थी। उनके पास ही आरोपी योगेश हाथ में पिस्टल लेकर बैठा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

घर के बाहर परिजन भी मौजूद थे, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची तब तक कोई भी उनके पास नहीं जा सका। डर था कि यदि उन्होंने घायलों को उठाने का प्रयास किया तो कभी उन्हें भी गोली न मार दे। पुलिस जांच में आया है कि घर में ही योगेश की अपनी पत्नी नेहा से बहस हुई, जिसके बाद उसने लाइसेंसी पिस्टल उठाई। नेहा घबराकर पीछे हट गई। बताया जा रहा है कि उसने हाथ जोड़कर कहा कि योगेश क्या कर रहे हो। मुझे मत मारो, बच्चों का ख्याल करो, लेकिन योगेश पर जैसे खून सवार था। अगले ही पल उसने नेहा की कनपटी पर गोली मार दी, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी।

## ट्रेन से कटे दो फुटबॉलर, इयरफोन लगाना पड़ा भारी

**चंदौली।** अलीनगर थाना के तारापुर स्थित बंद रेलवे फाटक पार करते समय बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों फुटबॉल खिलाड़ी थे और खेलने निकले थे। दोनों ने कान में इयरफोन लगा रखा था, जिससे ट्रेन की आवाज नहीं सुन सके। गेटमैन भी चिल्लाता रह गया। ट्रेन में फंसकर बाइक 500 मीटर तक घिसटती गई। घटना से ट्रेन भी आधे घंटे तक रुकी रही। जानकारी के अनुसार, शहाबगंज थाना के अरारी गांव निवासी सुदर्शन पासवान का पुत्र प्रमोद पासवान (22) दयालपुर अपने ननिहाल में रहकर सेना में भर्ती की तैयारी में जुटा हुआ था। इसके साथ ही वह फुटबॉल का भी अच्छा खिलाड़ी था।

जीवनपुर गांव निवासी मुन्नीलाल का पुत्र आकाश यादव (22) भी फोर्स की तैयारी के साथ फुटबॉल खेलता था। दोनों दोस्त रोजाना की तरह रविवार की सुबह 6 बजे घर से तारापुर स्थित खेल मैदान में जाने के लिए बाइक से निकले। सुबह करीब साढ़े 6 बजे तारापुर स्थित रेलवे फाटक के पास पहुंच गए। इस दौरान फाटक बंद मिला तो बगल से मोटरसाइकिल को निकाल रेलवे लाइन पार करने लगे। इस बीच, दूसरी तरफ से ट्रेन आ गई। कान में इयरफोन लगा होने के कारण दोनों को गाड़ी की आवाज नहीं सुनाई दी।

### जस्टिस वर्मा का दावा-

## स्टोररूम मेरे घर का हिस्सा नहीं, न ही वहां मिली नकदी मेरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। अब जस्टिस यशवंत वर्मा ने अपने ऊपर लगे आरोपों से साफ इनकार किया है और दावा किया है कि स्टोररूम में उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य के द्वारा कोई नकदी नहीं रखी गई। जस्टिस वर्मा ने कहा कि उन्हें बदनाम करने की साजिश हो रही है। दरअसल मुख्य न्यायाधीश ने नकदी मिलने के मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। जिसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने जस्टिस वर्मा से उनके ऊपर लगे आरोपों पर जवाब मांगा था।

जस्टिस डीके उपाध्याय को भेजे पत्र में जस्टिस वर्मा ने लिखा कि 'मेरे या मेरे परिवार के किसी सदस्य को स्टोर रूम में मिली नकदी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। न ही मेरे या मेरे परिवार को ये नकदी दिखाई गई।' जस्टिस वर्मा ने घटना को याद करते हुए बताया कि '14-15 मार्च की रात उनके सरकारी आवास के स्टोर रूम में आग लगी। यह स्टोर रूम उनके स्टाफ क्वार्टर के पास स्थित है। स्टोर रूम को आम तौर पर इस्तेमाल न होने वाले फर्नीचर, बोतल, क्रॉकरी, इस्तेमाल किए हुए कारपेट आदि रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही उस स्टोर रूम में सीपीडब्लूडी का सामान भी रखा रहता है। स्टोर रूम में कोई ताला नहीं है और वहां कई अधिकारी आते जाते रहते हैं। इस स्टोर रू में सामने के दरवाजे से और पीछे के दरवाजे से भी आया जा सकता है। यह मेरे आवास से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ नहीं है और यह मेरे घर का हिस्सा नहीं है।' जस्टिस वर्मा ने बताया कि 'जिस दिन आग लगने की घटना हुई, उस दिन वे अपनी पत्नी के साथ मध्य प्रदेश में थे। उस वक्त घर पर सिर्फ मेरी बेटी और मेरी बुजुर्ग मां ही घर पर थीं। मैं 15 मार्च की शाम को भोपाल से दिल्ली लौटा।

## सहारनपुर का बदर खान सूरी अमेरिका में गिरफ्तार



**वाशिंगटन।** अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में भारतीय मूल के शोधकर्ता बदर खान सूरी को हमास के लिए काम करने व यहूदी धर्म विरोधी बातें फैलाने के आरोप में अमेरिकन इमीग्रेशन एजेंसी ने हिरासत में लिया है। बदर खान सूरी की गिरफ्तारी से उसका परिवार चिंतित है। परिजनों ने बदर खान पर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। बदर खान सूरी नकुड़ के मोहल्ला बंजारान निवासी पूर्व पालिका सभासद शमशाद खान का बड़ा बेटा है। शमशाद खान ने बताया कि वह अपने बेटे बदर खान सूरी की गिरफ्तारी से परेशान जरूर हैं, लेकिन उन्हें अपने बेटे पर पूरा यकीन है कि वह किसी भी गलत काम में शामिल नहीं हो सकता। बताया कि बदर खान सूरी को करीब ढाई वर्ष पहले ही अमेरिकन यूनिवर्सिटी ने हवाई टिकट भेजकर बुलवाया था। उन्होंने कहा कि बदर खान सूरी सभी धर्मों का सम्मान करने में विश्वास रखता है, न कि वह किसी धर्म का दुष्प्रचार करने में शामिल है। उन्होंने कहा कि बदर खान का कसूर केवल इतना हो सकता है कि उसकी पत्नी मफाज सालय हमास के एक बड़े नेता की भतीजी है।

## न्यू मेक्सिको पार्क में चलीं गोलियां, 3 की मौत

**लास क्रूसेस।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां आए दिन किसी न किसी शहर में फायरिंग की घटनाएं लोगों के बीच दहशत और मौत का कारण बन रही हैं। ताजा मामला न्यू मेक्सिको के लास क्रूसेस शहर से जुड़ा है, जहां एक पार्क में गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। शुक्रवार रात करीब 10 बजे शहर के ह्यंग पार्कह्न में पहुंचे। पार्क में कार शो आयोजित किया गया था और उसमें लगभग 200 लोग इकट्ठा हुए थे।

पुलिस ने बताया कि इस कार शो के लिए अनुमति नहीं ली गई थी। उसने बताया कि पीड़ितों का पहले घटनास्थल पर ही इलाज किया गया और फिर उन्हें उपचार के लिए अस्पतालों में भेजा गया। लास क्रूसेस पुलिस प्रमुख जेरेमी स्टोरी ने बताया कि पार्क के एक बड़े हिस्से में 50 से 60 खोखे बिखरे हुए मिले हैं।

## बिहार में अनवरत जारी है खून की होली: रोहिणी आचार्य

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेत्री रोहिणी आचार्य ने बिहार में बढ़ते अपराधों को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) वाली सरकार पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट के माध्यम से अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रंगों की होली तो खत्म हो चुकी है, लेकिन बिहार में खून की होली अनवरत जारी है। रोहिणी ने प्रदेश की अराजक स्थिति को मुख्यमंत्री के 'होशो-हवास में न होने' से जोड़ा है। उनका कहना है कि वर्तमान बिहार की दुःखद हकीकत यह है कि यहां अपराधी ही हुक्मरान हैं। हत्या, लूट, डकैती और गोलीबारी की घटनाओं से समाचार पत्रों के पन्ने रोज भरे रहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री और सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं की बदजुबानी और झूठ बोलने की कला में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने आगे कहा कि अपराध का तांडव सरकार के सामने है, लेकिन यह सब देख कर भी सरकार नतमस्तक है। रोहिणी आचार्य ने यह भी उल्लेख किया कि पूरी दुनिया में इस समय चर्चा का विषय बन गया है कि पूरे बिहार में भय का माहौल है और सर्वत्र हाहाकार है। आम नागरिक से लेकर खास तक कोई भी सुरक्षित नहीं है।

## दक्षिण कोरिया के 20 से ज्यादा जंगलों में भड़की आग





**सियोल।** अमेरिका के बाद अब दक्षिण कोरिया के जंगलों में आग भड़क गई है। दक्षिण कोरिया के 20 से ज्यादा जगहों के जंगल आग की चपेट में हैं। इनमें दक्षिण-पूर्वी कोरिया प्रायद्वीप में फैली आग ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस भीषण आग में दो दमकल कर्मियों की मौत हो गई है। आग की लपटों में घिरे दक्षिण कोरिया के जंगलों का वीडियो सामने आया है। वीडियो में आग की स्थिति बहुत भयावह है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पूरा का पूरा जंगल आग की लपटों से घिरा है।

देश के विभिन्न हिस्से के जंगलों में फैली आग ने स्थानीय निवासियों के साथ अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। आग बुझाने के प्रयासों में जुटे फायरफाइटर्स और राहत कर्मियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस दौरान भारी धुंआ और तेज हवा ने आग को और भी फैलने में मदद की, जिससे दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाना बेहद कठिन हो गया है।

दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत में शुक्रवार को शुरू हुई आग ने शनिवार दोपहर तक 275 हेक्टेयर यानी 680 एकड़ क्षेत्र को अपनी जद में ले लिया। इस आग को काबू करने की कोशिश में जुटे दो दमकलकर्मियों की जान चली गई। अधिकारियों के मुताबिक, 200 से अधिक लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने सूर्यास्त से पहले आग पर काबू पाने के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया था। आग की भीषण स्थिति को देखते हुए दक्षिण कोरियाई सरकार ने शनिवार शाम को प्रभावित क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

रविवार, 23 मार्च, 2025 www.nnindianews.com





## आगरा पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला

**आगरा** एनएनआई। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला आगरा पहुंच चुके हैं। आज उनके आगमन पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। यहां वे ताज होटल एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित तिलहन सेमिनार में देशभर से आए तेल कारोबारियों को संबोधित किया।

# सीएम योगी 26 मार्च को आएंगे आगरा!

## संभावित आगमन को लेकर अधिकारियों ने देखी व्यवस्थाएं



एनएनआई

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 मार्च को आगरा आएंगे। 25 से 27 मार्च तक जीआईसी मैदान में सरकारी मेला लगेगा। जहां केंद्र सरकार की 10 और राज्य सरकार की 8 साल की उपलब्धियों का बखान होगा। 26 मार्च को मेले में सीएम योगी 634 करोड़ के 127 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

400 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार के कार्यकाल का जश्न मनाने के लिए आयोजित हो रहे इस मेला की तैयारियों के लिए नोडल अधिकारी के रूप में शनिवार को प्रमुख सचिव हरिओम ने तैयारियां परखीं। सर्किट हाउस में बैठक की। डीएम ने उन्हें बताया कि सभी अधिकारियों को जिम्मेदारियां बांट दी



गई हैं। मेला में आयुष्मान कार्ड से लेकर बीपी-शुगर की जांच होगी। पेंशन, सम्मान निधि व अन्य योजनाओं के पंजीकरण व फॉर्म भरे जाएंगे। स्वरोजगार से लेकर विभिन्न योजनाओं का मेले में ही लाभार्थियों का पंजीकरण होगा।

प्रमुख सचिव ने सभी विभागों को स्टॉल लगाने के साथ ही एक्टिविटी कराने के निर्देश दिए हैं। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि मेला में खानपान से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उधर, मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह व डीएम ने जीआईसी मैदान और राजा की मंडी स्थित दरिया नाथ मंदिर का निरीक्षण किया। राजा की मंडी में दरिया नाथ मंदिर पर बाबा सिद्धनाथ की स्मृति में शंखाढाल कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। सीएम योगी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# हथियार तस्करों से मुठभेड़: एक बदमाश को गोली लगी, तीन दबोचे

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस ने हथियार तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है।

रात को मुखबिर से सूचना मिली कि मोती नगर से मोढा मार्ग पर भट्टे के सामने बंद मकान के पीछे कुछ लोग अवैध हथियारों की तस्करी की योजना बना रहे हैं। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद के मुताबिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।

बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से गुलाम हसन के पैर में गोली लग गई। उसके तीन साथी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने



उन्हें भी पकड़ लिया। पकड़े गए अन्य आरोपियों में पिंकू उर्फ प्रदीप, दिनेश और प्रवीण वर्मा शामिल हैं। इनके पास से दो पिस्टल, दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी में इंस्पेक्टर अनुज कुमार की टीम शामिल रही।



# वक्फ गजट में शाही ईदगाह मस्जिद के नाम से दर्ज नहीं है कोई संपत्ति......

एनएनआई

**मथुरा।** 34 साल पहले प्रकाशित मथुरा की वक्फ संपत्तियों के गजट में शाही ईदगाह मस्जिद के नाम से कोई वक्फ संपत्ति दर्ज नहीं है। यह जानकारी श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह को सर्वे कमिश्नर वक्फ बोर्ड लखनऊ ने आरटीआई के तहत उपलब्ध कराई है। उन्होंने वक्फ संपत्तियों की जांच के लिए राजस्व परिषद और सीएम को पत्र लिखा है। एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से वक्स संपत्तियों के गजट की प्रमाणित प्रति प्राप्त की थी।



1990 में प्रकाशित हुए इस गजट में वक्फ के ना कुल 825 संपत्तियां दर्ज हैं। इन संपत्तियों में हाथरस की सादाबाद तहसील की वक्फ संपत्तियां भी शामिल हैं। दरअसल तब सादाबाद तहसील मथुरा में थी। इन संपत्तियों का कुल रकबा 351 एकड़ के करीब है। ये सभी संपत्तियां कब्रिस्तान, मस्जिद, दरगाह और इमामबाड़ा के नाम से हैं। साथ ही एक आरटीआई के जवाब में सर्वे कमिश्नर वक्फ बोर्ड लखनऊ की ओर से उपलब्ध कराई गई सूचना में बताया गया कि वक्फ की संपत्तियों में शाही मस्जिद ईदगाह डीग गेट के नाम से कोई संपत्ति दर्ज नहीं है। अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने मथुरा की वक्फ संपत्तियों की जांच के लिए राजस्व परिषद लखनऊ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। कई संपत्तियों में केवल दर्ज है चौहद्दी 18 अगस्त 1990 को मथुरा जिले की वक्फ संपत्तियों का गजट उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा ने कराया गया था, जो 27 मई 1987 की उस अधिसूचना पर आधारित था। जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गजट में कई संपत्तियां ऐसी हैं जिनका रकबा नहीं खोला गया है।

उनके सामने केवल चौहद्दी का उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि ये संपत्तियां बेशकीमती हैं। स्थिति यह है कि एक-एक गांव में वक्फ बोर्ड की एक से अधिक संपत्तियां भी हैं। इनमें देवसेरस, हथिया, विशंभरा, दौलतपुर, शाहपुर, कोसीकलां, खावल, जावरा, कराहारी, मांट आदि गांव शामिल हैं। छावनी क्षेत्र में भी एक मस्जिद की भूमि का जिक्र वर्ग फुट में किया गया है तो दूसरी की चौहद्दी दर्ज की गई है। तनवीर अहमद, सचिव शादी मस्जिद ईदगाह मथुरा ने कहा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह का मामला न्यायालय में चल रहा है। वक्फ संपत्ति में शाही मस्जिद ईदगाह दर्ज है, इसकी प्रमाणित प्रति न्यायालय में भी उपलब्ध कराई गई है। अगर दूसरे पक्ष के पास ऐसा कोई अभिलेख है तो वह न्यायालय में दाखिल क्यों नहीं करते हैं।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# झूलेलाल जयंती का दिया आमंत्रण

## शहर के कई क्षेत्रों में निकली वाहन रैली, स्वयंसेवकों का किया गया सम्मान

एनएनआई



**आगरा।** झूलेलाल जयंती शोभायात्रा 28 मार्च को धूमधाम से निकाली जाएगी। इसके लिए आज को वाहन आमंत्रण रैली (दो पहिया वाहन रैली) निकालकर शहर की जनता को आमंत्रित किया गया। आयो लाल झूलेलाल के जयकारों से रैली का संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। रैली में महिला और युवतियों की भागीदारी भी कमाल की रही। सर पर टोपी लगाए और गले में झूलेलाल का दुपट्टा डाले महिलाएं स्कूटी पर सवार होकर रैली में शामिल हुईं। मातृशक्ति ने सभी में उत्साह का संचार किया।

इससे पूर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में सुबह आठ बजे से बजे से सिंधु भवन, कमला नगर पर एकत्रित हुए, यहां से वाहन रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी ने नारियल फोड़कर किया।

शहर के कई क्षेत्रों में वाहन रैली में शामिल स्वयंसेवकों का सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी ने बताया कि वाहन रैली बल्केश्वर, कृष्णा कॉलोनी, बेलनगंज, दरेसी न 2 कालामहल, छिल्ली ईंट घटिया, कैलाशपुरी,आवास विकास, बोदला मारुति स्टेट चोराहा, रामनगर पुलिया, भोगीपुरा से शाहगंज बाजार ,जयपुर हाउस झूलेलाल भवन, पंचकुइयां से होती हुई तहसील चौराहे पर शहीद हेमू कालानी प्रतिमा स्थल पर जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वहीं पर समाप्त हुई। इंदु सोनी, मधु मखीजा, अंजु दियालानी, शोभा सोनी , वंदना डोडानी, सोनिया , रशिम बुधरानी,मोहनानी,भविका दियालानी, रजनी,आदि के नेतृत्व में महिलाओं का जत्था रैली में शामिल हुआ।

वहीं रैली में शामिल प्रमुख लोगों में सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, महामंत्री हेमंत भोजवानी,घनश्याम दास देवनानी, परमानंद आतवानी, सूर्य प्रकाश, जय राम दास होत्चंदानी, मेघराज दियालानी, किशोर बुधरानी, श्याम लाल रंगनानी,नंदलाल आयलानी, सुशील नोतनानी, जगदीश डोडानी,श्याम भोजवानी, दौलत खुबनानी,भोजराज लालवानी, राजू खेमानी ,नरेंद्र पुरष्णनी, महेश सोनी,राजीव नागरानी,अशोक परवानी आदि मौजूद रहे।

### हेमू कलानी को दी पुष्पांजलि, भावांजलि

तहसील चौराहे पर शहीद हेमू कालानी प्रतिमा स्थल पर जन्मदिवस कार्यक्रम भी धूमधाम से मनाया गया। हेमू कलानी की प्रतिमा पर लोगों ने अपनी पुष्पांजलि, भावांजलि, और श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाले अमर शहीद हेमू कलानी के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद किया। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी और महामंत्री हेमंत भोजवानी ने कहा कि 'निज गौरव का नित ज्ञान रहे, हम भी कुछ हैं यह ध्यान रहे, मरणोंत्तर गुंजित गान रहे, सब जाय अभी पर मान रहे। अंत में फलों का वितरण किया गया।

# प्राचीन कंस मेला शुरू

एनएनआई

**एत्मादपुर (आगरा)।** केंद्रीय राज्यमंत्री क्षेत्रीय सांसद प्रो एसपी सिंह बघेल ने कहा है कि आपके गांव और शहर का विकास सरकार और सांसद-विधायक करा देंगे, लेकिन आपके घर का विकास अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने से होगा। आज सत्ता की राजनीति की चाबी से हर ताला खुल जाता है, लेकिन शिक्षा वह चाबी है जिससे जंग लगा ताला भी खुल जाता है।

नगर पालिका परिषद के संरक्षण में आरंभ हुए सात दिवसीय प्राचीन कंस मेला का बीती रात क्षेत्रीय विधायक डा धर्मपाल सिंह संग उदघाटन करने के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो बघेल ने आगे कहा कि एत्मादपुर में हाइवे जाम की समस्या को हल करने के लिए काम चल रहा है। बाइपास बने या फिर एलीवेटेड रोड विशेषज्ञ अधिकारी जो निर्णय लेंगे वह मंजूर होगा। वैसे मेरा मानना है कि बाइपास बनने से एक कस्बा और विकसित हो जाएगा।

क्षेत्रीय विधायक डा धर्मपाल सिंह ने कहा कि एत्मादपुर क्षेत्र की जनता को 37 करोड़ की गंगाजल परियोजना से जल्द घर में नल के माध्यम से गंगाजल पीने को मिलेगा। नगर के मुख्य बाजार की सड़क के लिए भी पैसा मंजूर हो गया है। क्षेत्रीय सांसद और विधायक का नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डा.सुरेश चंद्र कुशवाहा और अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। ईओ रवि यादव ने बताया कि कंस मेला में आज शाम सात बजे से भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की गाजे-बाजे संग भव्य झांकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप कंस बंध प्रतीक के रूप में पुतला दहन करेंगे।



# प्रॉपर्टी डीलर के घर हमला, फायरिंग

**आगरा एनएनआई।** पुरानी रंजिश को लेकर दबंगो ने प्रॉपर्टी डीलर के घर हमला कर दिया। ईंट पत्थर फेंके गए जान से मारने की धमकी देते हुए दबंगो ने फायरिंग भी की। इससे पहले दबंग रात के समय घर मे लगे सीसीटीवी भी तोड़ चुके हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दबंगो की गिरफ्तारी के प्रयास तेजी से शुरू कर दिए गए हैं। थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र के लोकपुरम कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर रमेश चंद्र राठौर पुत्र स्व: बैजनाथ सिंह राठौर का घर है। शनिवार सुबह 7:30 बजे करीब उनके पड़ोस में रहने वाले देवेंद्र उर्फ देवु, संगीता का भाई निकेश, विजय, अजय आदि लोगो ने गाली-गलौच करते हुए घर पर हमला बोल दिया। घर मे मौजूद महिलाएं घबरा गईं। मना करने पर दबंगो ने परिवारीजनों के साथ मारपीट की। घर के दरवाजे बंद करने के बाद ईंट-पत्थर मारे गए। इसके अलावा जाते जाते दबंग फायरिंग कर जान से मारने की धमकी भी देकर गए। पूरी घटना मोबाइल के कैमरे में कैद है। खुलेआम इस तरह की घटना से साफ जाहिर है कि दबंगो को पुलिस का भी खौफ नही है।

## लापता/गुमशुदा की तलाश



एक लड़का नाम विश्नू तोमर पुत्र श्री केदार नाथ उम्र करीब 21 साल लम्बाई लगभग 5 फुट 8 इंच रंग सांवला है। दिनांक 3-9-2020 जीवनी मंडी थाना छत्ता क्षेत्र से लापता है। जिसकी गुमशुदगी थाना छत्ता में दर्ज है। जिस किसी व्यक्ति को मिले निम्न नम्बर पर फोन करने का कष्ट करें।

**चौकी इंचार्ज जीवनी मंडी- 93898 00251**

**थाना प्रभारी छत्ता आगरा-9454402729**

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

# आगरा की बेटियों का राजस्थान में सौदा

- कोटा बालिका गृह में निरुद्ध किशोरी ने मां-बाप को बताई आपबीती
- चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट नरेश पारस ने पुलिस और सीडब्लूसी को लिखा पत्र

## मोटी रकम लेकर करा रहे देह व्यापार



एनएनआई

**आगरा।** देह व्यापार मंडी के दलाल मोटी रकम लेकर आगरा की बेटियों को राजस्थान के कोटा तथा अन्य शहरों में बेच रहे हैं। कुछ को बालिका वधु बनाया जा रहा है तो कुछ को कोठे तथा अन्य वयक्तियों को वेश्यावृत्ति के लिए बेच दिया जाता है। आगरा की एक किशोरी को जॉब दिलाने के बहाने दलालों ने कोटा के तीन युवकों को बेच दिया। उन्होंने घरेलू काम कराया। दुष्कर्म किया। मौका पाकर किशोरी चंगुल से निकलकर पुलिस थाने जा पहुंची। पुलिस ने बालिका गृह भेज दिया। मिलने पहुंचे माता पिता को किशोरी ने आपबीती सुनाई।

**3.70 लाख में किया सौदा**

पीड़िता किशोरी ने परिजनों को बताया कि आगरा की एक महिला जॉब दिलाने के बहाने सिकन्दरा ले गई। जहां तीन युवको से 3.70 लाख रुपए लेकर बेच दिया। उसे सिकन्दरा के होटल में रखा गया। उसके बाद वह उसे कोटा ले गए। जीतू नामक युवक ने कुछ दिन तो घरेलू काम कराया। उसके बाद दुष्कर्म किया। मौका पाकर किशोरी भाग निकली और कोटा के थाना कैतुन में पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने राजकीय बालिका गृह में निरुद्ध करा दिया।

**जगदीशपुरा में दर्ज है मुकदमा**

15 वर्षीय किशोरी 29 जनवरी की शाम घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद किशोरी का पता नहीं चला तो दस फरवरी को परिजनों ने थाना जगदीशपुरा में बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकद्मा दर्ज कराया। आगरा पुलिस परिजनों के साथ कोटा गई लेकिन किशोरी को सुपुर्द नहीं किया गया। कोटा पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज नहीं किया।

**चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट से मांगी मदद**

परिजनों को केस के सबंध में कोई जानकारी भी नहीं दी जा रही थी। उन्हें बेटी से मिलने भी नहीं दिया गया। उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हार थककर बापस घर लौट आते हैं। पीड़ित पिता ने चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट नरेश पारस से मदद मांगी। नरेश पारस ने आगरा तथा कोटा बाल कल्याण समिति और पुलिस को पत्र लिखकर मुकद्मा दर्ज कराकर पीड़िता के बयान दर्ज कराने, काउंसलिंग कराने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। आगरा पुलिस ने कहा कि घटना कोटा की है। वहीं से कार्यवाही होगी।

**परिजनों ने की बेटी से मुलाकात**

नरेश पारस ने किशोरी के परिजनों को उससे मिलने के लिए राजकीय बालिका गृह कोटा भेजा। शनिवार होने के कारण पजिनों की मुलाकात कराने के मना कर दिया गया। नरेश पारस ने आगरा तथा कोटा बाल कल्याण समिति बात की जिसके बाद परिजनों को बेटी से मिलने दिया गया। कोटा बाल कल्याण समिति ने नरेश पारस को बताया कि बाल कल्याण समिति द्वारा मुकद्मा दर्ज कराने के लिए पुलिस को पत्र भेज दिया गया है।

### मजबूत है मानव तस्करों का नेटवर्क

नरेश पारस ने कहा कि मानव तस्करों का बहुत मजबूत नेटवर्क है। कोटा में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जबकि मामला बहुत गंभीर है। मानव तस्करी से जुड़ा हुआ है। मानव तस्कर यूपी तथा अन्य राज्यों की लड़कियों को यहां लाकर बेच देते हैं। इससे पूर्व भी विगत वर्ष आगरा की एक किशोरी को कोटा में शादी के नाम पर अजमेर निवासी राकेश को बेचने का मामला प्रकाश में आ चुका है। जिसका मुकद्मा थाना जगदीशपुरा आगरा में दर्ज है। आरोपी जिला जेल में निरुद्ध हैं। मानव तस्करों का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है। बारीकी से जांच की जाए तो बहुत बड़े नेटवर्क का खुलासा होगा। कई लड़कियां बरामद हो सकती हैं।

# अष्टद्रव्यों से श्रीजी का किया अभिषेक

### नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी जैन मंदिर में भक्तांमर विधान का आयोजन



एनएनआई

**आगरा।** आगरा के नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी में गुरु मां आर्यिकारत्नश्री पूर्णमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में आगरा के नॉर्थ ईदगाह स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भक्तांमर विधान का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित इन्द्र-इन्द्राणियों ने गुरुमां द्वारा उच्चारित मंत्रों के मध्य अष्टद्रव्यों से श्रीजी के समक्ष माडलें पर अर्घ्य अर्पित किए। विधान में भामाशाह अशोक पाटनी की पत्नी एवं श्राविकारत्न सुशीला पाटनी परिवार संग विधान में सम्मिलित हुई। विधानाचार्य अविनाश जैन शास्त्री के दिशा-निर्देशन में समाज के प्रमुख लोगों की मौजूदगी में मंदिर के घंटे का सुशीला पाटनी ने विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजेश जैन सेठी, अशोक जैन, अखिल जैन, निर्मल जैन मोठ्या, अमित जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, बीना बैनाड़ा, उमा जैन, समस्त नॉर्थ ईदगाह सकल जैन समाज के लोग मोजूद रहे।

# आज बिरज में होरी रे रसिया....

### 'माधुर्य' सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था ने मनाया होली मिलन




एनएनआई

**आगरा।** 'माधुर्य' सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था ने होली मिलन समारोह का आयोजन तपन ग्रुप फार्म, अमर विहार पुलिस चौकी दयालबाग में आयोजित किया। इस दौरान संस्था ने तपन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक सुरेश चन्द गर्ग, नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष संजय गोयल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, लीडर्स आगरा के सचिव सुनील जैन को सम्मानित किया।

लेखकों, कवियों और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित होली मिलन में "ब्रिज बिहारी बिरजू ने सुनाया होली खेले तो आय जाइयेङ्क। खयाल गायकी से विष्णु सक्सेना ने समा बांधा। बाल स्वरों में तोष और देव्यांश ने मधुर स्वरों में होली सुनाई। संस्था की अध्यक्ष निशिराज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम संस्कृति के उत्थान के लिए निरंतर होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की अध्यक्ष सुमन सुराना, वरिष्ठ पत्रकार आदर्श नंदन गुप्त, कवि रामेंद्र शर्मा रवि, एकता सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की अध्यक्ष एकता जैन, स्थानीय पार्षद भरत शर्मा, सीए संजीव माहेश्वरी, सुनील विकल, सीएफ एंड्रुज के डायरेक्टर डॉ. गिरधर शर्मा, नीरज सक्सेना, अतुल दक्ष, डॉ. हिरदेश चौधरी, आरजे नागेश शुक्ला, राजू वर्मा, विनय बंसल, वीरा सक्सेना, डॉ. मधु भारद्वाज, राजा बहादुर राज, दीपक खरे, ब्रिगेडियर विनोद दत्ता, प्रकाश गुप्ता बेबाक, डॉ. मधुरिमा आदि उपस्थित रहे।

# दुनिया चले न श्रीराम के बिना...



**आगरा (एनएनआई)।** पार्श्वनाथ पंचवटी कालोनी ताज नगरी फेस दो महिला मंडल ने संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया। इस दौरान भव्य सजे बाबा के दरबार में गीतों पर श्रद्धालु नाचते रहे। महिलाओं ने वीर बजरंगी का गुणगान किया। मेरे सर पर बाबा रख दो अपने दोनों हाथ देना है तो दीजिए जनम-जनम का साथङ्क। दुनिया चले ना श्रीराम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिनाङ्क। है दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार पवनसुत विनती बारंबारङ्कजैसे भजनों से वातावरण भक्तिमयी हो गया। बाबा की भव्य आरती के पश्चात प्रसाद वितरण गया। सुमन भारद्वाज ने महिला मंडल का आभार जताया ।

# जांच-परामर्श के साथ मिलीं निः शुल्क दवाएं

### 200 से ज्यादा लोगों ने मोतियाबिंद के लिए कराया रजिस्ट्रेशन



■ अग्रवाल युवा संगठन ने लोहिया जयंती पर किया आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** अग्रवाल युवा संगठन रजि. ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर महाराजा अग्रसेन भवन लोहा मंडी पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। हजारों मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। शिविर का शुभारंभ संस्था के संरक्षक सुरेश चंद्र गर्ग और एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत गुप्ता ने डॉ. राम मनोहर लोहिया और महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संरक्षक सुरेश चंद्र गर्ग और नितेश अग्रवाल ने कहा कि समय पर इलाज और चिकित्सकीय परामर्श यदि मिल जाए तो गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। शिविर में 5000 से ज्यादा मरीज ने स्वास्थ्य की जांच करा कर चिकित्सकों से परामर्श लिया है। अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन भवन लोहा मंडी में सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में नेत्र, पेट, दांत, नाक कान गला, हड्डी, त्वचा, फिजिशियन और बाल रोग विशेषज्ञों ने निशुल्क परामर्श दिया । साथ ही निशुल्क फिजियोथैरेपी की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। संस्थापक विनोद अग्रवाल और विनय अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 3000 से ज्यादा लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। मोतियाबिंद के 200 मरीज का जांच के उपरांत पंजीकरण किया गया है। जिनके ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे। निःशुल्क दवा का वितरण हुआ और मधुमेह की जांच कराई गई।

विभु सिंघल ने बताया कि शिविर में 12 से अधिक डॉक्टरों ने निःशुल्क परामर्श दिया। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप साने, डॉ. कौस्तुभ साने, फिजिशियन डॉ.आरके अरोड़ा, डॉ.आशीष मित्तल और डॉ.मुकुल अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेश गर्ग, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.ऋषि बंसल, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ.गरिमा बंसल, नाक कान विशेषज्ञ डॉ. मारुत दत्त बंसल, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ.सौरभ बंसल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति अग्रवाल और हर्षा माहेश्वरी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.योगेंद्र गुप्ता अपनी सेवाएं प्रदान की।

इस अवसर पर महामंत्री अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, मनीष गोयल, संदीप अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल शैलू, मोहित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, गौरव, पारस अग्रवाल, शशांक प्रियाकांत बंसल, मयंक गर्ग शिवम गर्ग, प्रीति गोयल, अंबुज अग्रवाल,अंकित अग्रवाल,आशीष अग्रवाल,राजीव अग्रवाल,संतोष अग्रवाल,चिराग अग्रवाल , पारस अग्रवाल,राज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# होली मिलन में मंगल कामना को हवन

### अभाविप ने होली मिलन में राधा-कृष्ण के स्वरूपों संग खेली फूलों की होली

एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राजामंडी स्थित अभाविप के ब्रज प्रांत कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मंत्रोच्चारण एवं लोककल्याण की कामनाओं के साथ हवन क्रिया सम्पन्न हुई। वहीं समारोह में सांस्कृतिक नृत्य भी हुए। राधा-कृष्ण के स्वरूप ने नृत्य कर सभी के साथ फूलों की होली खेलकर रंगोत्सव के पावन पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा ने हवन कुंड में प्रथम आहुति अर्पित कर पूजन का शुभारंभ किया।

महानगर अध्यक्ष डॉ. राजेश कुशवाह एबीवीपी अपने स्थापना काल से ही समाज में प्रेम एवं शांति स्थापित करना सुनिश्चित करती आई है।



इस दौरान महानगर मंत्री शिवांग खंडेलवाल, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता , प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव क्षेत्रीय एसएफएस प्रमुख प्रशांत गौर,प्रांत कार्यालय मंत्री सिद्धार्थ उपाध्याय,महानगर संगठन मंत्री गौरव यादव ,आगरा महापौर हेमलता दिवाकर, एम ल सी विजय शिवहरे महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, अभाविप के पूर्व कार्यकताओं में यादवेंद्र प्रताप सिंह योगेंद्र त्यागी राहुल चौधरी वर्तमान प्रांत उपाध्यक्ष राजेश लवानिया उपस्थित रहे।

# सरकार दे ध्यान तो तेल उत्पात करेगा तरक्की की राह आसान

- 45वीं अखिल भारतीय रबी तेल-तिलहन सेमिनार का आगरा में आगाज
- तकनीक, नीति और व्यापारिक मुद्दों पर चिंतन के साथ चलन और चुनौतियों पर विमर्श

एनएनआई

**आगरा।** खाद्य तेल के वर्तमान चलन एवं चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा के लिए अखिल भारतीय रबी तेल तिलहन सेमिनार के 45वें संस्करण का आगाज शनिवार को हुआ। सेमिनार का आयोजन उप्र ऑयल मिलर्स एसोसिएशन ने मस्टर्ड ऑइल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (मोपा) और दी सेन्ट्रल आर्गेनाईजेशन फॉर ऑयल इण्डस्ट्री एवं ट्रेड (कुईट) के तत्वाधान में ताज होटल एंड कन्वेंशन सेंटर में किया गया है। सेमिनार के पहले दिन तेल उद्यमियों और व्यापारियों ने कहा कि सरकार ध्यान दे तो भारत का तेल उत्पाद तरक्की कर सकता है और देशवासियों को एक अच्छा खाद्य उत्पाद मिल सकता है। उप्र आयल मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि सेमिनार के प्रथम दिन तेल उद्यमियों और व्यापारियों ने सरसों तेल की पैदावार और व्यवसाय में आने वाली चुनौतियों पर मंथन किया। रविवार को सेमिनार का विधिवत उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्र राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने किया। राष्ट्रीय कन्वीनर दिनेश राठौड़ ने बताया कि विडंबना है कि विदेशी तेल पाम या सोयाबिन का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार सब्सिडी प्रदान करती है किंतु सरसों तेल के साथ भेदभाव रखा जाता है। जबकि यदि सरसों तेल सेहत के लिए लाभकारी है।




उन्होंने बताया कि सरसों तेल में ओमेगा 6 होता है जोकि बैड कॉल्स्ट्रोल को कम करता है। उन्होंने बताया कि सेमिनार में निर्णय लिया गया है कि सभी तेल उद्यमी एकजुट होकर सरसों तेल की विश्व मंच पर ब्रांडिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि सरसों तेल का पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम के तहत वितरण होने से इसकी स्वतः ब्रांडिंग हो सकती है।

उप्र आयल मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि एफएसएसआई जब कोई कार्यवाही करती है तो उस कार्रवाई की चपेट में रिटेलर और उत्पादक दोनों आ जाते हैं जबकि मुख्य आरोपी पैकर्स होते हैं, सरकार के समक्ष मांग रखी जाएगी कि स्थानीय पैकर्स पर कार्रवाई करें।

मोपा एवं कुईट के प्रेसीडेंट बाबू लाल डाटा ने कहा कि देश में जितना तिलहन पैदा होता है या जितना तेल खाया जाता है उसका करीब 59 प्रतिशत तेल विदेश से आयात करना पड़ता है। कुईट चेयरमैन सुरेश नागपाल ने बताया कि सेमिनार में पूरे देश के तेल तिलहन से जुड़े 1200 से अधिक व्यापारियों उद्योगपतियों, तेल उद्योग की मशीनरी के निर्माणकर्ता एवं खाद्य तेल के पैकिंग में लगने वाले जार बोतल, पाउच एवं इनके साथ इनकी प्रिन्टिंग मैटेरियल के निमार्ताओं ने भाग लिया है। उन्होंने कहा कि पैकेजिंग के मानक एक समान हो, इसकी मांग भी उठायी गयी है। उप्र आयल मिलर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत भगत ने कहा कि सेमिनार का आयोजन प्रतिवर्ष, नई दिल्ली, आगरा, भरतपुर एवं जयपुर में स्थान बदल-बदल कर किया जाता है। लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल रावी ने कहा कि सरसों तेल पूर्ण रूप से भारतीय उपज है। सरकार की नीतियां इस उपज को विश्व में ब्रांड के रूप में स्थापित कर सकती हैं।

**आज होगी इन मुद्दों पर चर्चा**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के समक्ष वर्तमान की चुनौतियों एवं समाधान रखे जाएंगे ताकि सरकार तक हमारी मांगे पहुंच सकें। साथ ही सेमिनार में इस वर्ष कितना उत्पादन होगा, उससे कितना तेल बनेगा, देश में मांग क्या है, इत्यादि विषयों पर चर्चा की जाएगी। सेमिनार में स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा जिसमें तिलहन-तेल क्षेत्र से सम्बन्धित तमाम जानकारी, आंकड़े तथा सूचना समाहित होंगी।

**ये रहे उपस्थित**

सेमिनार के प्रथम दिन कुमार गोयल, विनोद राजपूत, अनिल छत्तर, अजय झुनझुनवाला, गजेंद्र झा, महेश गोयल, सुनील गोयल, एसके जैन, दीपक गुप्ता, महेश राठौड़, राकेश गुप्ता, मधुकर गुप्ता, वासु पंजवानी, नरेश करीरा, रमन जैन, जयराम, रामप्रकाश राठौड़, जोनू गुप्ता, राघव गुप्ता, संजोग गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रबंधन संदीप उपाध्याय एवं सागर तोमर ने किया।

# जल प्रबंधन और जल श्रोतों के संरक्षण की मांग

**यमुना आरती स्थल पर रिवर कनेक्ट कैंपेन ने आयोजित किया कार्यक्रम**




एनएनआई

**आगरा।** विश्व जल दिवस पर, रिवर कनेक्ट कैंपेन के कार्यकताओं ने यमुना आरती स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य यमुना नदी की बिगड़ती स्थिति और शहर के जल संकट की गंभीरता को रेखांकित करना था।

स्थानीय पर्यावरणविदों और जल विशेषज्ञों ने बताया कि सरकारी लापरवाही और गलत प्राथमिकताओं के कारण शहर का जल संकट विकराल रूप ले चुका है। यमुना नदी, जो कभी आगरा का जीवनदायिनी स्रोत हुआ करती थी, अब प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण ऐतिहासिक धरोहरों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रही है।

रिवर कनेक्ट कैंपेन के संयोजक ब्रज खंडेलवाल ने यमुना की व्यथा व्यक्त करते हुए कहा कि देवी मां के रूप में पूजी जाने वाली यमुना नदी अब नाले में तब्दील हो गई है। इसकी सहायक नदियां लगभग समाप्त हो चुकी हैं। वहीं, पर्यावरणविद डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा, यमुना नदी का बिगड़ता स्वास्थ्य, नदी तंत्र के नाकाम होने का परिणाम है।

रिवर कनेक्ट कैंपेन के सदस्य चतुर्भुज तिवारी ने कहा कि आगरा में लगभग 1000 तालाब थे, जो कभी मानसून के पानी को संजोकर रखते थे, अब वे कंक्रीट के नीचे दब गए हैं या कचरे से भर चुके हैं। यह शहरीकरण और नागरिक उपेक्षा का परिणाम है। ग्रीन एक्टिविस्ट पद्मिनी अय्यर ने कहा कि यमुना नदी के संरक्षण और जल संकट की दिशा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है।

कैंपेन के सदस्य गोस्वामी नंदन श्रोत्रिय ने कहा, जल उपयोगिता के संघर्ष को खत्म करने के लिए, आगरा को जल संचयन और जलवायु अनुकूल उपायों की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। श्री मुकेश सिंह ने कहा आगरा की जल स्थिति को सुधारने के लिए सामूहिक इच्छाशक्ति और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है।

रिवर कनेक्ट कैंपेन ने स्थानीय प्रशासन, नागरिक समाज और अन्य संबंधित पक्षों से मिलकर इस संकट से निपटने की अपील की।

# फोग्सी ने छेड़ी सर्वाइकल कैंसर मुक्त भारत की मुहिम

- 36वें यूपीकॉन 2025 : मुख्य अतिथि सुनीता तांदुलवाडकर ने निर्मल बनारस अभियान का भी किया शुभारम्भ

एनएनआई

**आगरा।** फोग्सी (फैडरेशन ऑफ ऑब्स्ट्रेटिक एंड गायनेकोलॉजीकल सोसायटी ऑफ इंडिया) ने भारत को सर्वाइकल कैंसर मुक्त बनाने की मुहिम छेड़ दी है। राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में इस पायलट प्रोजेक्ट (निर्मल बनारस अभियान) को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस से शुरू किया जा रहा है। यह घोषणा होटल डबल ट्री बाई हिल्टन में एसएन मेडिकल कॉलेज के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग व एओजीएस द्वारा आयोजित 36वें यूपीकॉन 2025 के शुभारम्भ पर मुख्य अतिथि व फैग्सी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता तांदुलवाडकर ने की। कहा जल्दी ही आगरा सहित समूचे उप्र व देश के अन्य प्रांतों में इस प्रोजेक्ट को लागू किया जाएगा। निर्मल बनारस अभियान में पांच हजार महिलाओं की एचपीवी सर्वाइकल स्क्रीनिंग की जाएगी। जिन महिलाओं की रिपोर्ट पॉजिटिव आएगी उन्हें आगे जांच व उपचार के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर वाराणसी भेजा जाएगा। इसके लिए 20 स्त्रीरोग विशेषज्ञों की टीम तैयार की गई है। डॉ. सुनीता ने बताया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सबसे अधित मृत्यु सर्वाइकल कैंसर के कारण ही होती है। सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन उपलब्ध है। इसलिए इससे बचाव के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। सरकार के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट को देशभर में लागू करने की तैयारी है। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता तांदुलवाडकर व विशिष्ट अतिथि एसएन मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. प्रशांत गुप्ता ने फोग्सी के समक्ष ग्रामीण क्षेत्रों में भी सेवा कार्य करने का सुझाव रखा। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह व परिचय यूपीकॉन-2025 की आयोजन सचिव डॉ. रिचा सिंह ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. उषा शर्मा, कीर्ति दुबे, भारती माहेश्वरी, डॉ. नरेन्द्र मल्होत्रा, डॉ. जयदीप मल्होत्रा, आयोजन समिति की डॉ. शिखा सिंह, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. मोहिता पैंगोरिया, डॉ. आरती मनोज, डॉ. पूनम यादव, डॉ. हेमा सडाना, डॉ. मनीषा गुप्ता, डॉ. संध्या अग्रवाल, डॉ. सुधा बंसल, डॉ. अनुपम गुप्ता, डॉ. सुषमा सिंह, डॉ. नीलम रावत, डॉ. मीनल जैन, डॉ. उर्वशी, डॉ. अनु पाठक, डॉ. अभिलाषा यादव, डॉ. आकांक्षा गुप्ता, डॉ. रत्ना शर्मा, डॉ. सविता त्यागी, डॉ. कीर्ति दुबे, भारती माहेश्वरी आदि उपस्थित थीं।




**किडनी फैलियोर के मामलों में 20 फीसदी गर्भवती**

फोग्सी की पूर्व उपाध्यक्ष (गोरखपुर) डॉ. साधना गुप्ता ने बताया कि किडनी फैलियोर के कुल मामलों में 20 फीसदी गर्भवती युवा महिलाएं होती हैं। इसलिए गायनेकोलॉजिस्ट को गर्भवती महिलाओं के किडनी फंग्शन का भी ध्यान रखना चाहिए। बहुत उल्टी आना, एबोर्शन के दौरान सेप्टिक हो जाना, गुर्दे में पथरी या इनफेक्शन, प्रतिरोधकता कम होने के कारण किडनी के फंग्शन प्रभावित हो सकते हैं।

# बाबा वीर बुंदेले के जयकारो संग शामिल हुए श्रद्धालु



एनएनआई

**आगरा।** धाकड़ समाज मेला कमेठी द्वारा श्री वीर बुंदेले बाबा की 363वीं शोभायात्रा अलबतिया चौराहा स्थित श्रीमातेश्वरी चामुंडा देवी मंदिर से धूमधाम से शनिवार को निकाली गयी। शोभायात्रा में एमएलसी विधायक श्री विजय शिवहरे जी, हनुमान सेना के संस्थापक चौधरी अमित सिंह और पार्षद श्रीराम धाकड़ जी शोभायात्रा में उपस्थित रहे, शोभायात्रा का आयोजन श्री बुन्देले बाबा शोभायात्रा समिति द्वारा किया गया इसके अध्यक्ष श्री आलोक सिंह धाकड़ और महामंत्री धर्मेंद्र धाकड़ ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान गणेश, शिव-पार्वती, शिव परिवार, राधा कृष्ण, आदियोगी, बजरंग बली, श्रीराम परिवार की झांकियां निकाली गयी। अंतिम डोला भगवान बुंदेले बाबा का निकला गया। यात्रा अलबतिया चौराहा से शुरू होकर मारुती स्टेट, शाहगंज, एमजी रोड होते हुए धाकरान चौराहा स्थित बुंदेले मंदिर पर संपन्न हुई।

यात्रा की व्यवस्था धाकड़ समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने संभाली। धाकरान चौराहे पर पहुंचकर सभी बाबा बुंदेले के आयोजित प्राचीन मेले में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नेता सलीम खान अब्बास, इंद्रजीत धाकड़, राम मूर्ति धाकड़, बबलू धाकड़, उपेन्द्र धाकड़, करन धाकड़, राजवीर, जावली, सुंदर, प्रवीण, गब्बर, सुमित, भोला, संजय धाकड़, परषोतम धाकड़ आदि धाकड़ के लोग मौजूद रहे।

# द्वितीय ब्रेनोब्रेन सुडोकू चैंपियनशिप 2025 का हुआ पोस्टर विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** द्वितीय ब्रेनोब्रेन सुडोकू चैंपियनशिप 2025 का आयोजन आगामी माह में किया जा रहा है, जिसका पोस्टर विमोचन 22 मार्च को प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में किया गया।

यह निःशुल्क प्रतियोगिता विशेष रूप से आगरा के छात्रों के मस्तिष्क कौशल, तार्किक क्षमता और एकाग्रता को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। ब्रेनोब्रेन 48 देशों में कार्यरत है और जिसके 1,00,000 से अधिक छात्र कौशल विकास कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से अधिक से अधिक छात्रों को प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रतियोगिता श्रेणी ए और बी के लिए निःशुल्क होगी तथा श्रेणी सी के लिए 200/- का शुल्क निर्धारित किया गया है। श्रेणी ए और बी के छात्रों के लिए प्रतियोगिता का प्रारंभिक चरण विद्यालय में अप्रैल के अंत में आयोजित किया जाएगा तथा अंतिम चरण चयनित छात्रों के लिए 4 मई 2025 (रविवार) को प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में आयोजित किया




जाएगा। ओपन श्रेणी के प्रतिभागी सीधे अंतिम चरण में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार में दो हजार रुपये, दूसरा पुरस्कार में 1500 व तीसरे पुरस्कार में एक हजार रुपये के प्रदान किए जाएंगे।

सुडोकू प्रशिक्षण कार्यशाला (वैकल्पिक) प्रतिभागियों को सुडोकू का बेहतर ज्ञान प्रदान करने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला 24 से 27 मार्च 2025 एवं 3 से 6 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन 1 घंटे आयोजित की जाएगी, जिसका शुल्क 500/- प्रति प्रतिभागी निश्चित किया गया है पोस्टर के विमोचन पर अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रख्यात व प्रमाणित योग विशेषज्ञ, ध्यान प्रशिक्षक, रेकी हीलर और माइंडफूलनेस कोच श्रीमती श्वेता गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों के मानसिक स्तर में सुधार होता है एवं तार्किक क्षमता में वृद्धि होती है।

विद्यालय के निदेशक व अप्साध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता बच्चों की बौद्धिक क्षमता को निखारने और उन्हें एक नई चुनौती देने का एक अनूठा अवसर है। ब्रेनोब्रेन की सिटी कॉर्डिनेटर कविता अग्रवाल ने सभी स्कूलों से निवेदन करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक छात्रों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर कविता अग्रवाल, चयनिका अग्रवाल, मीनू कोहली, आलोक चंद्रा, शिल्पा जैन, आकांक्षा अग्रवाल, श्वेता बंसल, तृप्ति मित्तल व नियति अग्रवाल की उपस्थिति प्रशंसनीय रही।



## यूपी में तेलघानी बोर्ड के गठन की केंद्रीय मंत्री से की मांग

**आगरा एनएनआई।** भाजपा नेता प्रदीप राठौर ने नई दिल्ली स्थित केंद्रीय मंत्री टोकन साहू से मुलाकत कर उत्तर प्रदेश में तेल घानी बोर्ड के गठन के लिए पत्र दिया। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की तरह उत्तर प्रदेश में भी तेलघानी बोर्ड का गठन किया जाए। यह बोर्ड तेली समाज के लोगों के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए काम करेगा, पूर्व मे भी प्रदीप राठौर द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को तेल घानी बोर्ड के लिए पत्र लिखा था। टोकन साहू ने पुर्ण आश्वासन दिया। इस अवसर पर इशांत राठौर, मुकेश राठौर, राहुल राठौर (सीटू), अशीष राठौर, उपस्थित रहे।

# अफसर बन करें माता-पिता का नाम रौशन : महापौर

**आगरा एनएनआई।** जीवन शक्ति फाउंडेशन द्वारा संचालित निःशुल्क शिक्षा शक्ति केंद्र का द्वितीय वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सेक्टर-2 आवास विकास कॉलोनी स्थित झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों की पाठशाला कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर, शिक्षाविद प्रदीप तौमर, पार्षद संजीव सिकरवार, गजेंद्र पिप्पल और संरक्षक बलवीर सिंह राठौर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

अध्यक्ष विश्वदीप सिंह राठौर ने बताया कि शिक्षा का अधिकार थीम पर आयोजित वार्षिकोत्सव में झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों ने



एक से बढ़कर एक धमाकेदार प्रस्तुतिओं से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने झुमका गिरा रे..., ऐसा देश है मेरा.., कहते है इंडिया वाले.., ताल से ताल मिला.., खाइके पान बनारस वाला.., मुंडा थोड़ा ऑफ बीट है..., मेरा नाम चीन चीन चू... आदि बॉलीवुड गानों पर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। महापौर ने बच्चो से कहा कि जो बच्चे पढ़ना चाहते है उनकी शिक्षा में कोई अवरोध नहीं आएगा। मन लगा कर पढ़े और बड़े अफसर बन अपने माता-पिता का नाम रौशन करें। सभी का स्वागत हिमांशु श्रीवास्तव ने किया। मंच संचालन सचिव आकाशदीप सिंह राठौर ने किया। पवन, अतुल शाक्य, बीना सिंह, कुलदीप सिंह, महेश कुमार, दीक्षा नारंग, रमनीत कौर, निखिल राणा, रंजीत यादव, मुकेश राणा, अमर, शिखा आदि मौजूद रहे।

# सेंट एन्ड्रयूज प्रीमियर स्कूल में मनाया गया दीक्षांत समारोह

एनएनआई

**आगरा।** सेंट एन्ड्रयूज प्रीमियर स्कूल ताज नगरी फेस-2 में कक्षा प्रथम में प्रवेश कर रहे यूकेजी के छोटे-छोटे नौनिहालों का दीक्षांत समारोह मनाया गया। इसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का भरपूर प्रदर्शन किया। इस समारोह में बच्चों के साथ उनके माता पिता भी उपस्थित रहे। अभिभावकों व मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की शिक्षिका रक्षा, काजल और छात्रा नियति ने तिलक लगाकर रस्म को पूरा करके किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सी.ए. अपूर्वा शर्मा, विद्यालय के एम.डी. शिवांजल शर्मा, सुरीति माथुर, मनोज शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की छात्रा जाह्नवी,




राशि, रिधान, दिव्या, तन्वी, आध्या ने किया। छात्र संसद के याहवी, प्रियांशी, नविका और उन्नत ने कार्यक्रम को व्यवस्थित बनाए रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान के द्वारा किया गया। यू.के.जी. के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा नृत्य, और जिमनास्टिक के अद्भुत प्रदर्शन ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि सी.ए. अपूर्वा शर्मा द्वारा बच्चों को आशीर्वाद के रूप में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उन्होनें कविता



(आंखों में सुनहरे सपने लिए दिल में बेशुमार प्यार, उड़ने दो परिंदों को खुशियों में खोने दो, अभिप्रेरणा और उत्साह से पंख भरने दो, इन्हें आसमान छूने दो) के माध्यम से अभिभावकों को अपने बच्चों को अपने आप में सक्षम बनाने की प्रेरणा दी और सभी बच्चों को सदैव अच्छे विचारों को अपनाने के लिए आव्हान किया। अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती इंदु बाला त्रिखा ने उपस्थित जन समूह का धन्यवाद किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में ,नेहा, अमनदीप ,धर्मेन्द्र, ममता, शालिनी, अंशिका, अंजली, रंजना,ज्योति , अर्चना, दीपिका, निशा, मनीषा आरिफ, नीलम, निशांत आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# बाड़मेर यूनिट के पास से हत्या के आरोप में फौजी अरेस्ट

एनएनआई

**बाह।** चौसिंगी गांव के सूरज जादौन की मौत पर 12 मार्च को दर्ज हुए हत्या के मुकदमे में बाह पुलिस ने नामजद आरोपी खोड़ गांव के रहने वाले फौजी अजयराज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह होली पर घर पर छुट्टी पर आए थे। एसओ बाह सुरेश चन्द ने बताया कि शुक्रवार को फौजी को बाड़मेर यूनिट के पास से गिरफ्तार किया है। खोड़ गांव के ही दूसरे आरोपी प्रशांत को रुनकता फरह पुलिया के पास से 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को चौसिंगी गांव के सूरज जादौन (28) की मौत हुई थी। परिजनों ने घेर कर हत्या किए जाने का आरोप

- 12 मार्च को चौसिंगी के सूरज की हत्या किए जाने का दर्ज हुआ था मुकदमा
- एक आरोपी को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है पुलिस
- हमले के बाद जान बचा कर भागे युवकों को कार से मारी थी टक्कर

लगा कर 13 मार्च को आगरा इटावा स्टेट हाइवे 5 घंटे जाम किया था। तब पुलिस ने सूरज जादौन की पत्नी नीरू की तहरीर पर खोड़ के अजयराज सिंह, आशीष, प्रशांत तथा नगपुरा के विपिन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।
उन्होंने पुलिस को बताया था कि पति सूरज सिंह जादौन, अपने साथी भदरौली के रिंकू, कल्यानपुरा के हरीचरन, अर्जुनपुरा के सौरभ, रैपुरा भदौरिया के आकाश सिंह अपनी बाइक से बटेश्वर दर्शन को गये थे। खांद पर खोड़ के अजयराज सिंह, आशीष, प्रशांत तथा नगपुरा के विपिन ने लाठी, डंडा, सरिया, लोहे के पाइप और हॉकी से बुरी तरह से पीटा था। जान बचा कर बाइक से भागे तो बाइक से टक्कर मार दी थी। जिससे पति की मौत हो गई थी। एसीपी बाह द्रविड़ कुमार सिंह ने बताया कि 4 नामजदों में से 2 की गिरफ्तारी हो गई है। अन्य की तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई हैं।

# फंदे पर लटका मिला पति, पत्नी फरार

एनएनआई

**अछनेरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र के कस्बा स्थित काशीराम आवास में शनिवार शाम करीब 5 बजे एक कमरे में हासिम पुत्र लतीफ उम्र 30 वर्ष का शव फंदे पर लटका मिला। जिससे कस्बे में सनसनी फैल गयी। युवक की मौत के बाद मौके से पत्नी सिमरन उर्फ शब्बो एवं उसकी तीन बहन मौके से पहले ही भाग गई थी। लेकिन पड़ोसियों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची जिसमें पुलिस ने शव को कब्जे लेकर जांच शुरू कर दी एवं मृतक हासिम पुत्र लतीफ के परिवार वालों की सूचना दी।
बताया जाता है कि मृतक हासिम थाना मंटोला आगरा का निवासी है।लेकिन वह कस्बा अछनेरा काशीराम आवास में करीब 6 वर्ष से रह रहा था।वहीं मामा के लडके सुहेब पुत्र इदरीश निवासी नाई की मंडी आगरा के द्वारा दीं गयी तहरीर के अनुसार मृतक की पत्नी सिमरन उर्फ शब्बो एवं परिवार के सभी लोग उसे आये दिन मारपीट एवं परेशान करती थी।



## मासूम बोला, मम्मी ने पापा को मारा

मृतक हासिम के 5 वर्ष के पुत्र ने बताया कि उसकी माँ आये दिन हासिम से मारपीट एवं झगड़ा करती थी और फांसी लगाकर मर जाने को कहती थी इस मासूम के बताए अनुसार उसकी मा ने ही उसके पिता का हत्या की है। और आज ही घर से कही चली गई है।आखिर इस बयान में कितनी सच्चाई है यह तो जाँच के बाद ही पता चलेगा। थाना प्रभारी अछनेरा विनोद कुमार मिश्र का कहना है। पीड़ित परिवार की तरफ से तहरीर मिली है उस तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है इसमें जांच का विषय जांच होने बाद ही कार्यवाही की जाएगी।

वहीं जब हासिम के परिवार के लोग जब अछनेरा पहुचे तो पत्नी एवं परिवार के सदस्य मौके से फरार हो चुके । वहीं अछनेरा पुलिस हर पहलुओं से मामले की गंभीरता से जाँच कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साईकिल सवार वृद्ध की हुई मौत

**कासगंज** एनएनआई। सोरों कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साईकिल सवार वृद्ध को रौंद दिया। जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं वृद्ध की मौत की खबर सुन उसके घर में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव पचलाना निवासी कालीचरन पुत्र रणसिंह बीती देर शाम साइकिल से ग्राम केडी थाना क्षेत्र सोरों गए हुए थे, जब वह अपने घर वापस आ रहे थे, तभी चिलकुंइया के समीप अज्ञात वाहन ने कालीचरन की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कालीचरन की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कालीचरन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं सोरों थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि मृतक के परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।



## फिर छाए बादल, चली तेज हवाएं, किसान परेशान

**बाह** एनएनआई। मौसम ने शनिवार को एक बार फिर करवट बदली। दिन भर बादल छाए रहे, तेज हवाएं चली। जिससे बाह, क्षेत्र के किसानों की रात की नींद और दिन का चैन छिन गया है। पिछले सप्ताह तेज हवा के साथ हुई बारिश से खेतों में गेंहू की फसल बिछ गई थी। कटी पड़ी सरसों के दाने खेत में बिखर गये थे। आलू की खुदाई पर ब्रेक लग गया था। बादल छाए रहने और तेज हवाएं चलने से जिन खेतों की सिंचाई हो गई थी, उनमें गेंहू की फसल लोट गई है। किसानों पुरुषोत्तम सिंह रामसेवक शर्मा हरी ओम शर्मा, रामप्रकाश कुशवाह, सुरेन्द्र सिंह, बाबूराम ने बताया कि बारिश हुई तो खेतों में बिछी गेंहू की फसल में सड़ांध दौड़ने का खतरा पैदा हो गया है। खेतों में अभी आलू की 5 फीसदी खुदाई होनी है, जबकि 25 फीसदी खेतों में सरसों की कटाई होनी है। बारिश हुई तो दोनों फसलें प्रभावित होंगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई किशोरी की मौत

**कासगंज** एनएनआई। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक 15 वर्षीय किशोरी की उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक किशोरी का शव उसके घर में ही फांसी के फंदे पर लटका मिला। वहीं इस घटना के बाद पुलिस ने मृतक किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है, और पुलिस किशोरी की मौत कैसे हुई इस पहलू पर जांच कर रही है।
कासगंज कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरी कॉलोनी निवासी राम गोपाल की 15 वर्षीय लक्ष्मी पुत्री का शव शनिवार की सुबह अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। किशोरी लक्ष्मी की मां घर पहुंची तो उसने लक्ष्मी को घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा। वहीं किशोरी लक्ष्मी को फांसी के फंदे से उतारकर तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा डॉक्टरों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस घटना की सूचना मृतक के परिवार वालों ने पुलिस को दी। जंहा सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। किशोरी की मौत के बाद उसके परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस किशोरी की मौत कैसे हुई और किस कारण हुई इस पहलू पर जाँच कर रही है।

# बेटी के घर हुई थी बुजुर्ग की हत्या, एक और आरोपी गिरफ्तार

एनएनआई

**बाह।** चौरंगाहार में अपनी बेटी के घर आए स्याऊपुरा के रणवीर सिंह (73) पर 10 मार्च को बल्लम, फरसा, धारिया से हमला हुआ था। 13 मार्च उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उसी दिन एक आरोपी छत्रपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शनिवार को एक और आरोपी विजय सिंह को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चौरंगाहार की सीमा ने पुलिस को बताया था कि



10 मार्च को पानी भरने से आलू की फसल खराब होने के विवाद में उसके पिता रणवीर सिंह, पति राजकुमार और बेटे रामलखन पर बल्लम, फरसा, धारिया, तमंचे से हमला किया था। जिसमें घायल हुए तीनों में से रणवीर सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। एसओ बाह सुरेश चन्द ने बताया कि सीमा की तहरीर पर खचेर सिंह के बेटे विजय सिंह, राकेश, राकेश के बेटे अमित, सुमित, विजय सिंह के बेटे छत्रपाल पर मुकदमा दर्ज किया था। 13 मार्च को छत्रपाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शनिवार को विजय सिंह को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## संपादकीय

# औरंगजेब संयोग है या प्रयोग!

महाराष्ट्र में औरंगजेब के नाम पर घमासान मचा हुआ है।महाराष्ट्र में नागपुर सबसे शांत शहरों में गिना जाता है, जहां बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा टूटने के बाद भी दंगे नहीं हुए थे। भारतीय जनता पार्टी में दूसरी कतार के नेताओं में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा छिड़ी है। दूसरी कतार में खड़े कई नेताओं में यह होड़ मची है कि उसके नेतृत्व को श्रेष्ठ माना जाए। वह समानों में प्रथम माना जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद उसको उत्तराधिकार की होड़ में सबसे आगे माना जाए। कहा जा रहा है कि इसी होड़ का नतीजा है कि महाराष्ट्र में औरंगजेब के नाम पर इतना विवाद खड़ा कराया गया। यह भी कहा जा रहा है कि यह विवाद अभी तुरंत थमने वाला नहीं है।इस बीच राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि औगंरजेब की आज कोई प्रासंगिकता नहीं है। उन्होंने नागपुर दंगों की निंदा की और साथ ही औरंगजेब के मुद्दे पर विरोध, प्रदर्शन पर भी सवाल उठाया। तभी सवाल है कि औरंगजेब किसका आइडिया था और इसके पीछे क्या कोई बड़ी राजनीति है? कहा जा रहा है कि भाजपा में दूसरी कतार के नेताओं में छिड़ी उत्तराधिकार की लड़ाई फिलहाल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगे चल रहे हैं। उनकी चुनौती का मुकाबला करने के लिए महाराष्ट्रर के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस को किसी ऐसे मुद्दे की तलाश थी, जिस पर वे एक वैचारिक और राजनीतिक आंदोलन खड़ा कर सकें। उनकी अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए जरूरी है कि जैसे पूरा गुजरात नरेंद्र मोदी के पीछे खड़ा हुआ वैसे महाराष्ट्र उनके पीछे खड़ा हो। ध्यान रहे महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं।महाराष्ट्र में पहली बार भले भाजपा नेतृत्व ने देवेंद्र फड़नवीस को कम जनाधार वाले और अपेक्षाकृत कम चर्चित नेता के तौर पर मुख्यमंत्री के लिए चुना। लेकिन उसके बाद दो चुनावों में उन्होंने अपनी ताकत दिखाई। अब उनको लग रहा है कि लोकसभा वे लोकसभा सीटों की संख्या के लिहाज से दूसरे सबसे और आर्थिक रूप से सबसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री हैं और अगर उनको किसी भावनात्मक मुद्दे के साथ मिल जाता है तो वे हिंदू ह्रदय सम्राट हो सकते हैं, जैसे 2002 के बाद नरेंद्र मोदी हुए थे। दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ का भव्य आयोजन कराया है और अयोध्या, मथुरा, काशी से लेकर संभल और शाहजहांपुर तक किसी न किसी मामले में वे भावनात्मक मुद्दे उठाए हुए हैं। उधर असम में हिमंत बिस्वा सरमा मदरसों, मस्जिदों, मियां मौलवी का मुद्दा उठा कर इन दोनों के मुकाबले अपनी दावेदारी पेश करने में लगे हैं। तभी ऐसा लग रहा है कि औरंगजेब का मुद्दा कोई तात्कालिक मकसद वाला नहीं है। योजनाबद्ध तरीके से सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब पर बयान दिया और उसके बाद मुख्यमंत्री ने कब्र हटाने की बहस छेड़ी।आरएसएस के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के बयान की शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने भी तारीफ की है। सो, सवाल है कि जब आरएसएस का यह आइडिया नहीं था और आरएसएस यह मान रहा है कि औरंगजेब अब प्रासंगिक नहीं है तो फिर कैसे महाराष्ट्र में और वह भी आरएसएस के मुख्यालय वाले शहर नागपुर में इतना बड़ा प्रदर्शन हुआ, जिसके बाद दंगे भड़के? क्या मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने अपना राजनीतिक दांव साधने के लिए इस विवाद को हवा दिया?मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और उनके मंत्री नीतेश राणे और अन्य नेताओं ने कहा है कि नागपुर का दंगा पहले से प्रायोजित था। तभी यह सवाल है कि दंगा नागपुर में क्यों प्रायोजित था? यदि हिंसा पूर्व-नियोजित थी। ऐसा था, उनकी सरकार के खुफिया तंत्र को इसकी भनक क्यों नहीं लगी या सूचना के होने के बाद भी प्रशासन ने एहतियाती कदम क्यों नहीं उठाए? यह संयोग नहीं है कि जिस दिन यह खबर आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 मार्च को नागपुर जाएंगे, जहां वे राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और उसके संघ के मुख्यालय में भी जाएंगे उसी दिन नागपुर में दंगे हुए। दूसरे, नागपुर में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का मुख्यालय है और इस साल अक्टूबर के पहले हफ्ते में विजयादशमी के मौके पर संघ की स्थापना को सौ साल पूरे होने का भी उत्सव मनाया जाएगा। इस आधार पर यह माना जा रहा है कि एक प्रयोग के तहत नागपुर को अस्थिर और अशांत करने के लिए चुना गया।अब सवाल है कि सरकार गफलत में रही या उसने जान बूझकर कुछ नहीं किया क्योंकि उसको पता है कि अगर कुछ होता है तो उससे ध्रुवीकरण कराने में आसानी होगी? यह सवाल इसलिए है क्योंकि पहले दिन से यह आरोप लग रहे हैं कि सरकार के इशारे पर समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब की तारीफ की।निश्चित रूप से सरकार को इसके असर का अंदाजा रहा होगा। दूसरे, मुख्यमंत्री खुद मान रहे हैं कि संभाजी महाराज के जीवन पर बनी ह्यछावाह्न फिल्म से लोगों की भावनाएं भड़कीं। उन्होंने उत्तेजना का माहौल बनाने में अपनी सरकार के मंत्रियों और सत्ताधारी जमात के कई संगठनों की भूमिका पर परदा डालने की कोशिश की। वैसे, इस सिलसिले में खुद मुख्यमंत्री की कुछ बातें कम विवादास्पद नहीं रही हैं। फिर सरकार भी अलर्ट नहीं थी तो क्या कहा जा सकता है!कब्र या स्मारकों से ऐतिहासिक घटनाओं का बदला लेना सिर्फ उसी समाज में संभव है, जहां भविष्य का कोई सपना नहीं हो। यह मुद्दा है कि औरंगजेब की कब्र खोद डालने से आज के मसले कैसे हल हो जाएंगे या उससे भारत का भविष्य कैसे संवर जाएगा? समाज को ऐसी समझ देना उन नेताओं का दायित्व ही है, जिन्हें लोगों अपनी रहबरी सौंपी है। इसके विपरीत आचरण करना खुद को इतिहास के कठघरे में खड़ा करने की तैयारी करना होगा। अतः नागपुर के जख्म पर तुरंत मरहम लगाने की जरूरत है।

# नहीं रुक रहा खनन

## धड़ल्ले से माफिया कर रहे खनन, पुलिस को भनक नहीं




एनएनआई

**कागारौल।** मेन बाजार में होकर खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। खनन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है।इस अवैध कारोबार में रात और दिन के समय नियमों की अनदेखी कर मिट्टी उठाई जा रही है। जबकि पुलिस जानकारी न होने का हवाला देकर चुप्पी साधे हैं और मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली थाने की 200 मीटर सामने से ही गुजरते हैं।

मिट्टी के अवैध खनन का कार्य जोरों पर है। स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध खनन पर खनन अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस तक ने आंखें बंद रखी हैं। जबकि यह खनन माफिया इतने बेखौफ हो गए हैं कि थाना के 200 मीटर से ही जगनेर मार्ग पर दिन में ही मिट्टी भरे हुए ट्रैक्टर तेज रफ्तार सरपट भरते रहते है। न तो पुलिस की परवाह है और न ही प्रशासन का डर। इन अवैध मिट्टी की भरी ट्रालियों को 800से लेकर 1000 रुपये में बेचा जा रहा है। थाना प्रभारी समशेर सिंह को दो बार फोन लगाया है तो रिसीव नहीं किया तीसरी बार में कॉल उठाया था तो बोल रहे थे कि मैं बाहर हूं अभी।

# जीवित महिला को मृत घोषित कर बंद की विधवा पेंशन

**खंदौली** एनएनआई। विकास खंड खंदौली पर ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा द्वारा आयोजित ब्लॉक दिवस के दौरान ग्राम पंचायत सेमरा की गंगा देवी पत्नी सियाराम द्वारा अपनी शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि मेरे जीवित होने के बावजूद उनकी विधवा पेंशन 28.06.2024 को मृत घोषित दिखाकर बंद कर दी गई ब्लॉक प्रमुख ने जब इस संबंध मे ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) से जानकारी की तो उनके द्वारा बताया गया कि जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा उन्हें मृत घोषित किया है जिस कारण उनकी पेंशन बंद हो गई है, ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा ने शिकायत पत्र के साथ जांच रिपोर्ट को संलग्न कर दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई हेतु मुख्य विकास अधिकारी भेज दिया है।

# उपजिलाधिकारी ने टीकाकरण के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

एनएनआई

**कागारौल।** कस्बा में उपजिलाधिकारी व खण्डविकास अधिकारी खैरागढ़ ने सामूहिक रूप से टीकाकरण अभियान चलाकर टीका न लगवाने वाले परिवारों कों टीका के प्रति जागरूक किया। कस्बा के मुस्लिम आबादी क्षेत्र में शनिवार कों यह अभियान चलाया गया।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान में कुछ परिवार अपने बच्चों कों टिका नहीं लगवा रहे थे। अभियान में ऐसे परिवारों कों टीकाकरण की पूरी जानकारी स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर 0 से पांच वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। कुछ परिवार अज्ञानता के कारण अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं करवाते हैं। उपजिलाधिकारी संदीप यादव, ने बताया कि यह अभियान उन लोगों के लिए चलाया जा रहा है जो अज्ञानतावश अपने मासूम बच्चों को टीके नहीं लगवाते और आगे चलकर उनके बच्चों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इस अभियान का उद्देश्य इस तरह के लोगों को जागरूक करना है। सीएचसी अधीक्षक खैरागढ़ अपने साथ पूर्व में जिन परिवार के बच्चों का टीकाकरण नहीं कराया गया था ऐसे परिवारों की लिस्ट लेकर के साथ में आये थे। लोगों कों समझाने बुझाने पर लगभग 90% लोगों ने बच्चों का टीकाकरण करवा लिया।



# ब्लॉक खंदौली मे हुआ मेगा अभिभावक शिक्षक सम्मेलन

एनएनआई

**खंदौली।** की ग्राम पंचायत हाजीपुरखेड़ा मे स्थित कंपोजिट विद्यालय मे मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आशीष शर्मा ब्लॉक प्रमुख उपस्थित रहे मेगा पीटीएम के मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा झ अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक स्थिति और आवश्यक सुधार के उपायों से अवगत कराना, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, सुविधाओं और आगामी गतिविधियों की जानकारी देना एवं अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाना, बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावकों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी धर्मराज सिंह, ग्राम प्रधान सुंदर सिंह, निपुण भारत से सिमरन , इंचार्ज सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी से चंद कदम दूर दुकान में चोरी

एनएनआई

**अछनेरा।** चोरों ने एक दुकान में जानकर उत्पात मचाया एवं हजारों रुपय लेकर फरार हो गए। गौरतलब हैं कि यह घटना थाना अछनेरा की कुकथला पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हुई है। बताया जाता है कि कुकथला निवासी रमेश चंद शर्मा की पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर परचून की दुकान है शनिवार रात्रि 9 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। सुबह तड़के जब वह दुकान पर पंहुचा तो उसके होश उड़ गए। उसकी दुकान का सारा समान बिखरा पड़ा था। दुकान मालिक के अनुसार उसकी दुकान से करीब 14 हजार रुपए एवं अन्य हजारों रुपए के सामान को अज्ञात चोर ले गए । वहीं पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हुई चोरी की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

चौकी प्रभारी अनुज सिंह ने बताया कि रमेश चंद की तहरीर आयी है। जिसमें अज्ञात चोरों ने दुकान से हजारों रुपए की चोरी की गई है जल्द अज्ञात चोरों को पकड़कर कार्यवाही की जाएगी।



# तृप्ति डिमरी : सिर्फ एक सीन से रातों रात बन गयीं स्टार



भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सेलिब्रिटी हैं जिन्होंने दर्जनों फिल्मों में काम किया है लेकिन फिर भी लोगों की नजरों में उनकी पहचान स्टार की तरह नहीं सकी। यहां हम एक ऐसी ही हीरोइन के बारे में चर्चा कर रहे हैं जिसने कई फिल्में की हैं, लेकिन कभी पहचान नहीं मिली। इस अभिनेत्री की प्रतिभा को किसी ने नहीं देखा। हालांकि, उन्होंने बहुत कोशिश की, फिर भी कोई भी फिल्म सफल नहीं हुई। लेकिन अभिनेत्री को एक बंपर अवसर मिला और उस फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया और वो फिर रातोंरात फेमस हो गई और उन्हें कई ऑफर भी मिलने लगे। यहां हम जिस एक्ट्रेस के बारे में बात कर रहे हैं वो 31 साल की एक यंग स्टार हैं और उन्होंने 10 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत श्रीदेवी के साथ मॉम फिल्म से की थी लेकिन तब उन्हें कोई नहीं जान सका। वो एक खास सीन की वजह से फेमस हुई थी और वो फिल्म विवादों में भी रही लेकिन एक ब्लॉकबस्टर के तौर पर उभरी। फिल्म ने 917 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है और अभिनेत्री फिल्म में एक सीन से लोकप्रिय हो गईं। लेकिन शूटिंग खत्म होने के बाद एक्ट्रेस दो दिन तक रोती रहीं और उस हीरोइन का नाम तृप्ति डिमरी है जिन्होंने रनबीर कपूर संग एनिमल में काम किया है। उन्होंने फिल्म के उस सीन को लेकर कहा, मैं दर्द में थी और आंसू बहा रही थी। लेकिन उसी सीन से उन्हें सिनेमा में बड़ी पहचान मिली है।

# अनुभा अरोड़ा ने द दिल्ली फाइल्स

## द बंगाल चैप्टर में प्रवेश किया



चंडीगढ़ अनुभा अरोड़ा, जो पिछली बार अमेजन के पॉवर ऑफ़ पाँच में नजर आई थीं, अब एक नए प्रोजेक्ट, द दिल्ली फाइल्सः द बंगाल चैप्टर में नजर आएंगी, जो 15 अगस्त को स्क्रीन पर आने वाला है। उन्होंने साझा किया, मैंने हमेशा अपनी प्रवृत्ति के अनुसार प्रोजेक्ट लिए हैं और इस बात को ध्यान में रखा है कि मेरे किरदार का कहानी पर महत्वपूर्ण प्रभाव है। इससे मुझे और अधिक अभिनय करने और खुद को स्क्रीन पर अधिक देखने का अवसर मिलेगा, क्योंकि इससे मुझे सच्ची खुशी मिलती है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, कुछ प्रोजेक्ट, जैसा कि आप शुरू से ही जानते हैं, उन पर काम करना बहुत दिलचस्प होने वाला है, जैसे द दिल्ली फाइल्सः द बंगाल चैप्टर। यह एक पटकथा में कुछ कठोर तथ्यों को प्रस्तुत करता है जिसे खूबसूरती से बुना गया है।



# रणबीर और आलिया चाहते हैं दूसरा बच्चा

बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर ने अपने हालिया इंटरव्यू में दूसरे बच्चे की प्लानिंग को लेकर हिंट दी है। गूगल पर खुद के बारे में सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले सवालों के जवाब दे रहे एक्टर ने अपने टैटू के बारे में बोलते हुए यह बात कही। बातचीत में कपूर से दूसरे टैटू के बारे में पूछा गया। उनकी कॉलरबोन पर पहले से ही एक टैटू है जो कि उनकी बेटी राहा का नाम है। एक्टर ने कहा, अभी तक कोई टैटू नहीं है, उम्मीद है कि जल्द बनाउंगा। 8वां या कुछ और मुझे नहीं पता, शायद मेरे बच्चों के नाम, मुझे नहीं पता। इस बीच आलिया ने हाल ही में बेटे की इच्छा के बारे में बात की और कहा कि उन्होंने पहले ही नाम सोच लिया है। एक्ट्रेस ने जय शेट्टी पॉडकास्ट पर बात करते हुए यह बात शेयर की। आलिया भट्ट ने हाल ही में अपनी बेटी का जन्मदिन मनाया। राहा की एक तस्वीर शेयर करते हुए आलिया ने लिखा, और मैं पहले से ही उस समय को वापस ले जाना चाहती हूं जब तुम सिर्फ कुछ हफ्ते की थी! एक बार माता-पिता बनने के बाद, आप बस यही चाहते हैं कि आपका बच्चा हमेशा आपका बच्चा ही रहे। जन्मदिन मुबारक हो हमारी जिंदगी।

newsnextindia1@gmail.com
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


### आरसीबी का जीत के साथ सीजन का आगाज

# केकेआर को दी 7 विकेट से मात

**आईपीएल 2025 सीजन का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला गया। इस मैच को आरसीबी की टीम 7 विकेट से एकतरफा अपने नाम करने में सफल रही।**









**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के बीच में कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला गया, जिसमें आरसीबी की टीम ने 7 विकेट से एकतरफा जीत हासिल की है। इस मैच में आरसीबी टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया जिसके बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की टीम ने 20 ओवर्स का खेल खत्म होने के बाद 8 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए हैं। केकेआर की तरफ से बल्लेबाजी में कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जहां 56 रनों की पारी खेली तो वहीं सुनील नारायण के बल्ले से 44 रनों की पारी देखने को मिली। वहीं आरसीबी की तरफ से गेंदबाजी में क्रुणाल पांड्या ने तीन जबकि जोश हेजलवुड ने 2 विकेट अपने नाम किए। आरसीबी की टीम को विराट कोहली और फिल साल्ट की ओपनिंग जोड़ी ने शानदार शुरूआत देते हुए पहले विकेट के लिए 95 रनों की तेज साझेदारी की जिससे मुकाबला पूरी तरह से एकतरफा हो गया। वहीं साल्ट जहां 56 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गए तो विराट कोहली नाबाद 59 रनों की पारी खेलने के साथ टीम को जीत दिलाकर वापस लौटे। केकेआर टीम की तरफ से गेंदबाजी में वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## विराट कोहली की दीवानगी में सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान पर पहुंचा प्रशंसक

**पैरों में गिरा, गले लगाया**





कोलकाता। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जहां भी जाते हैं उनके प्रशंसकों का काफिला पीछे-पीछे पहुंच ही जाता है। ऐसा ही कुछ शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डंस में देखने को मिला। एक तरफ जहां गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के समर्थक अपनी टीम की हौसलाफजाई करने पहुंचे थे तो दूसरी तरफ किंग कोहली के चाहने वालों का हुजूम भी अपने स्टार की एक झलक के लिए बेताब था। इसी बीच एक प्रशंसक तो इतना बेकाबू हो गया कि उसने सुरक्षाकर्मियों को चकमा तक दे डाला और दाएं हाथ के बल्लेबाज के करीब पहुंच गया। इसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इस मैच के दौरान एक ऐसी घटना हुई जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दरअसल, एक प्रशंसक सुरक्षा घेरा तोड़कर क्रीज पर मौजूद विराट कोहली के करीब पहुंच गया और सीधे उनके पैरों में गिर गया। इसके बाद वह उठा और स्टार खिलाड़ी के गले लग गया। तभी सुरक्षाकर्मियों ने मैदान पर पहुंचकर उसे बल्लेबाज से दूर किया और बाहर ले गए। इस घटना की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसपर फैंस जमकर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। आईपीएल 2025 का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता टीम ने अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन की शतकीय साझेदारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 174 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 177 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## रविवार, 23 मार्च राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आप कारोबार में प्रगति की राह पकड़ेंगे। नया सौदा कर सकते हैं। इसकी वजह से आप मन ही मन प्रसन्न रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को एकाग्रता के साथ पढ़ाई करनी होगी।

वृषभ राशि के जातकों के मान-सम्मान में इजाफा होगा। आज नई व्यापारिक योजनाओं को शुरू कर सकते हैं। इस वजह से आप व्यस्त रहेंगे, लेकिन आप अपनी मेहनत और रणनीति के दम पर अच्छी शुरूआत करेंगे। काम के बोझ की वजह से परिवार को समय नहीं दे पाएंगे।

मिथुन राशि के जातकों के आत्मविश्वास में आज इजाफा होगा। आज आपकी घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। घर की जरूरतों पर आपका खर्च हो सकता है। कारोबार के लिहाज से आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आपको संपत्ति का लाभ हो सकता है। आज आप परिवार के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। समाजसेवा से जुड़े लोगों को आज लोगों को संबोधित करने का मौका मिल सकता है। परिवार में किसी सदस्य की तबीयत को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। इससे आपकी आय दोगुनी हो सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने से आप प्रसन्न होंगे। खरीदारी कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ प्रेम संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन अहम रहने वाला है। आज आपको कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा। आपके जिम्मे कोई नया काम आ सकता है। आप पूरे उत्साह के साथ खुद को मिली जिम्मेदारी का निर्वाह करेंगे। इस बीच शाम के समय परिवार के लिए भी समय निकालने में सक्षम होंगे।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। आज आपको नए मौके मिलेंगे। इनकी मदद से आप अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर पाएंगे। कारोबार में आज अच्छी खबर मिल सकती है। अगर आप पार्टनरशिप में व्यापार करते हैं तो आपको अच्छा लाभ होने के आसार हैं। आज परिवार के साथ बाहर जा सकते हैं।

वृश्चिक राशि के जातकों को अपनी सेहत का खास ध्यान रखना होगा। फास्ट फूड और तला-भुना खाने से बचें। इससे आपको पेट संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। तबीयत खराब होने की वजह से आपको कार्यक्षेत्र की योजनाएं टालनी पड़ सकती है। इस वजह से किसी अहम सौदे का इंतजार बढ़ सकता है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक रहेगा। आज आपको जीवनसाथी से उपहार मिल सकता है। आप दोनों बाहर घूमने जा सकते हैं। ससुराल पक्ष से कोई खुशखबरी मिल सकती है। आज आपको अटका हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति में इजाफा होगा।

मकर राशि के जातकों को आज अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। भावनाओं के आवेग में आकर कुछ करने या बोलने से पहले दो बार सोच लेना बेहतर होगा। आज किसी को उधार देने से बचें, वरना आपका धन लंबे समय के लिए फंस सकता है। आज रिश्तेदारों से संबंधों में सावधानी बरतें।

कुंभ राशि के जातकों को आज कोई खुशखबरी मिल सकती है। कारोबार में आपको लाभ हो सकता है, लेकिन शत्रुओं से बचकर रहें। आप सूझबूझ से काम करें, इससे आप अपनी विरोधियों को मात दे पाएंगे। बुजुर्गों की सलाह के बाद ही परिवार से जुड़े बड़े निर्णय लें, वे आपको दूसरा नजरिया दे सकते हैं।

मीन राशि के जातकों को आज वाहन सुख मिल सकता है। वाहन से जुड़ी इच्छा पूरी होने से आप काफी खुश होंगे। हालांकि माता-पिता का आशीर्वाद लेकर नया कार्य शुरू करें। व्यापार से जुड़े सौदों के लिए करीबी मित्रों से राय-मशविरा कर सकते हैं। सेहत को लेकर सचेत रहें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

# बच्चों में मौलिकता के विकास में बुजुर्गों का योगदान : डॉ. सुशील गुप्ता






### टीचर्स डिस्प्ले बोर्ड (2024-25)

- प्रथम पुरस्कार सुनीत कौर,एनएस कुशवाह, चांदनी अरोड़ा
- द्वितीय पुरस्कार काजल वासुदेव, रश्मि गांधी, चंचल ठाकुर, पूर्णिमा सिंह, श्वेता नागपाल और पायल गर्ग
- तृतीय पुरस्कार गीता चतुर्वेदी, नेहा अरोड़ा, गीतिका सहगल, शालिनी पंजवानी और नीमा सहानी
- सांत्वना पुरस्कार रंजना गुप्ता, अभिनव वशिष्ठ, डिंपी महेंद्रु, खुशबू सिंह, इशिता अग्रवाल, श्वेता नागपाल, सबीने बेजल, डिंपल पांडे और पूजा गुप्ता
- विद्यालय के चारों सदनों- एंड्रोमेडा, ऑरायन, पिगेसिस और फीनिक्स में वार्षिक अंतर्सदनीय प्रतियोगिताओं में सर्वोच्च स्थान पर रहने के लिए एंड्रोमेडा सदन को हाउस ऑफ द इयर ट्रॉफी 2024-25 प्रदान की गई।

## प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में मनाया दीक्षांत समारोह-आशाएं सुनहरे कल की

एनएनआई

**आगरा।** प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन (बाल बिहार) के औपचारिक शिक्षा में प्रवेश की बेला को स्मरणीय बनाने के लिए दीक्षांत समारोह (आशाएं सुनहरे कल की) का आयोजन किया गया। संचालन करते हुए कक्षा-एक और दो के छात्र रितिक सिंह, काव्या पाल, जयान मंसूरी, अथर्व तिवारी, अभिवीर सिंह, वेदिका गुप्ता व युग सिन्हा ने मुख्य अतिथि योग व ध्यान प्रशिक्षक श्वेता गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सत्र 2025-26 में सबसे पहले एडमिशन लेने वाली छात्रा- ऐशानी यशी द्विवेदी-(कक्षा नर्सरी) के नाना-नानी आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव व संतोष श्रीवास्तव, विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव का हार्दिक अभिनंदन किया।

विद्यालय की परंपरा का निर्वहन करते हुए मुख्य अतिथि को नवांकुर भेंटकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने छात्रों को पूर्व-प्राथमिक स्तर से प्राथमिक स्तर की औपचारिक शिक्षा में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी का संयुक्त दायित्व है कि हम बच्चों को आत्मविश्वासी बनाएं और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करें।

मुख्य अतिथि द्वारा यूकेजी के छात्रों को विधिवत गाउन और कैप पहनाकर प्रमाण-पत्र दिया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा दो तक के समस्त छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के इन अविस्मरणीय पलों को विशिष्ट बनाने के लिए उनके दादा-दादी, नाना-नानी एवं माता-पिता को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा स्वागत नृत्य व वर्तमान समय की सबसे बड़ी विडंबना - वृद्धाश्रम के बढ़ते चलन का समाज पर प्रभाव व उनके निदान के उपायों को बेहतरीन रूप से प्रस्तुत किया गया।

मेधावी छात्रों तथा उत्कृष्ट कार्यों के द्वारा विद्यालय का नाम रोशन करने वाली वार्षिक प्रतिभाओं को मुख्य अतिथि, निदेशकगण तथा प्राचार्य ने पुरस्कार तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

सत्र 2024-25 के लिए मोनिका सिंह, रूपाली शर्मा को सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका, श्रेयांश यादव को सर्वश्रेष्ठ एडमिन स्टाफ, पुनीत दत्ता, नीमा साहनी, अर्पना सक्सेना व अंशिका जिंदल को 100% उपस्थिति पुरस्कार, एवं सीमा, ममता और राजकुमार को सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग स्टाफ का पुरस्कार प्रदान किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने अंगूरी देवी, उषा देवी, होरीलाल, रामनाथ यादव, गुड्डी देवी व उषा देवी को सर्वश्रेष्ठ माली घोषित कर नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्वेता गुप्ता ने कहा कि बच्चे के लिए उसका परिवार ही उसका आदर्श होता है। उन्होंने बच्चे के सर्वांगीण विकास में परिवार की अहम भूमिका के विषय में बताया। विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बच्चों में मौलिकता के विकास में बुजुर्गों का अनुपम योगदान रहता है, जिससे देश के भावी कर्णधारों के व्यक्तित्व का चहुंमुखी विकास होता है। कार्यक्रम का समापन कक्षा यू.के.जी. के छात्र-छात्राओं ने धन्यवाद गान से किया गया।

# छात्राओं एवं महिलाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



- यूपीएमआरसी का हम राही फाउंडेशन ने किया आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** यूपीएमआरसी हम राही फाउंडेशन के सहयोग से आगरा, कानपुर एवं लखनऊ के मेट्रो स्टेशनों पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण और महिलाओं के अधिकारों के बारे में यात्रियों को जागरूक किया गया। जागरूकता सत्रों का नेतृत्व प्रशिक्षित पेशेवरों ने किया। जिसमें उन्होंने यात्रियों के साथ जानकारीपूर्ण चर्चाओं और इंटरेक्टिव आत्मरक्षा प्रदर्शनों के जरिए संवाद किया। मेट्रो स्टेशनों पर आयोजित जागरूकता सत्रों में आत्मरक्षा तकनीक, कानूनी अधिकार और यौन शोषण और उत्पीड़न से निपटने के उपायों जैसे विषयों को शामिल किया गया। ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर कंपोजिट विद्यालय, बसई खुर्द की 41 छात्राओं ने सेशन अटेंड किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधान अध्यापिका सहित मेट्रो स्टाफ मौजूद रहा। बता दें कि मिशन कवच के साथ, हम राही फाउंडेशन उत्तर प्रदेश भर में 50,000 महिलाओं और बच्चों तक पहुंचने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य लेकर चल रहा है। इसका उद्देश्य यौन अपराधों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और महिलाओं और बच्चों को आत्मरक्षा कौशल से लैस करना है। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा, "यूपीएमआरसी अपने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम राही फाउंडेशन के साथ इस सहयोग के माध्यम से हमारा उद्देश्य महिलाओं और कमजोर समूहों को आवश्यक आत्मरक्षा कौशल और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता मुहैया कराना है। सार्वजनिक परिवहन सभी के लिए एक सुरक्षित स्थान होना चाहिए और इस तरह की पहल अधिक सुरक्षित आवागमन वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

## रैम्पवॉक कर पंचतत्वों को सहेजने-संवारने का दिया संदेश

एनएनआई

**आगरा।** पंचतत्वों को सहेजने और संवारने का संदेश डॉक्टरों ने रैम्पवॉक कर दिया। जल, वायु, अग्नि, भूमि और आकाश में बढ़ते प्रदूषण के कारण सिर्फ मानव जीवन ही नहीं बल्कि पृथ्वी का अस्तित्व भी खतरे में है। पंचतत्वों को प्रदर्शित करते परिधान पहनकर डॉक्टरों ने बदलती जीवनशैली के कारण पंचतत्वों में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताने के साथ उसके निवारण भी सुझाए। एसएन मेडिकल कॉलेज के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग व एओजीएस द्वारा आयोजित 36वें यूपीकॉन 2025 के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मस्ती और उमंग के साथ सामाजिक संदेश भी दिए गए। आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह व सचिव डॉ. रिचा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।




शुभारंभ आयोजन समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम रत्ना शर्मा ने शिव स्तुति की। जीवन में आध्यात्मक के महत्व को बताया। रैम्पवॉक पीजी स्टूडेंट द्वारा डॉ. हेमा सडाना, डॉ. मनीषा, नीलम रावत के निर्देशन में किया। जीवन के नौ रस पर मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें झांसी, हापुड़, आगरा, बरेली, प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ, देहरादून, मैरठ की 60 से अधिक डॉक्टरों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतियां दीं।

